# नील गाय का शिकार करने वाले तीन आरोपित मांस के साथ गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त चाकू, बोगदा कुल्हाड़ी लकड़ी का ठीहा बरामद

संसू, जागरण • श्रावस्ती : गिलौला पुलिस टीम ने नील गाय का शिकार करने वाले तीन आरोपितों को सुबिखा गांव से बाहर खेत में स्थित तालाब के पास से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से नील गाय का मांस, अवशेष व घटना में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद हुए हैं। गिलौला थाने में इनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस हिरासत में नील गाय के मांस व उपकरण के साथ पकड़े गए आरोपित • जागरण

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि शनिवार को गिलौला थाने की पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि लक्खीभारी गांव के कुछ लोगों ने एक नील गाय को सुबिखा गांव से बाहर खेत में तालाब के पास मार दिया है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि कुछ व्यक्ति बंधे के किनारे घास के नीचे कुछ छिपा रहे हैं। पुलिस को अपनी ओर आते देख सभी भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिलौला क्षेत्र के लक्खीभारी निवासी अकरम, दिलशाद अली व रिजवान दबोच लिया। कड़ाई से पूछने पर अकरम ने बताया कि हम लोगों ने मिलकर नील गाय का शिकार किया था। मांस को आपस में बांट लिया तथा अवशेष व खाल को छिपा रहे थे। टीम ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयोग किए गए एक-एक चाकू, हसिया, कुल्हाड़ी, लकड़ी का ठीहा, दो बोगदा, नील गाय का मांस और अवशेष बरामद कर लिया। गिरफ्तारी टीम टीम गिलौला थानाध्यक्ष आशीष कुमार, उपनिरीक्षक राणा प्रताप, पंकज गुप्ता, आरक्षी विमलेश यादव व प्रवीण कुमार यादव शामिल रहे।